महत्वपूर्ण एवं खास

रेल रोको आंदोलन से आज भी कुछ ट्रेनें रही रद्द

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर रेल मंडल में रेल रोको आंदोलन का असर आज भी कई ट्रेनों पर पड़ा। कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द रहा, वहीं कुछ ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेल रोको आंदोलन के चलते आज कुर्ला से चलने वाली 18029 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, पुणे चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस, पुणे चलने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस और पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर रद्द रही। इसके अलावा 12810 हावड़ा- मुंबई मेल, हावड़ा से चलने वाली 12906 हावड़ा - पोरबन्दर एक्सप्रेस, शालीमार से चलने वाली 22830 हावड़ा-शालीमार एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग हावड़ा-आसनसोल-चांडिल-चक्रधरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा होकर परिचालन किया जा रहा है।

किशोरी को घर के अंदर बहाने से बुलाकर पड़ोसी ने किया बेईज्जत करने का प्रयास, अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बेडमिंटल खेल रही लड़की को कॉक घर के अंदर से लेने की बात कहकर पड़ोसी युवक ने पीछे आकर लड़की का हाथ बाह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द निवासी नाबालिग लड़की 15 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बेडमिंटल खेलते समय कॉक दूसरे के घर के अंदर चले जाने पर युवक ने कॉक घर के अंदर से ले लेने की बात कहकर लड़की के घर के अंदर जाते ही पीछे से हाथ बाह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सुधीर पांडे 29 वर्ष पिता कृष्ण कुमार पांडे निवासी आरडीए कॉलोनी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित धारा 354 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। बालकोनगर पुलिस ने परसाभाठा के रहने वाले प्रहलाद कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। वह अपराध क्रमांक 84/04 में नामजद था। उस पर मारपीट और गाली गलौज का आरोप है। काफी समय से यह फरार चल रहा था।

झाड़-फूंक के बहाने ससुर ने बहु की लूटी इज्जत, हुआ गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। झाड़ फूंक के बहाने ससुर ने अपनी ही बहू की अस्मत लूट ली। नवविवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने ससुर, सास समेत अन्य के खिलाफ धारा 323, 376, 498 ए, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि 13 अक्टूबर 2018 को कुम्हारी निवासी युवती का निकाह रायपुर के बीरगांव निवासी से हुआ था।

जबरिया शरीरिक संबंध बनाया – निकाह से पूर्व युवती के परिजनों ने डेढ़ लाख की रकम चेक से दिया था। बावजूद 5 लाख की मांग और कर रहे थे। उसका पति, सास, ससुर और देवर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान ससुर ने विवाहिता को डायन बताकर उसकी झाड़ फूंक करने कमरे धुआं कर दिया। इसके बाद विवाहिता के साथ जबरिया शारीरिक संबंध बनाया।

सलिहापाली में हाथियों ने फसलों को किया नुकसान

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में पहुंचे 30 हाथियों के दल ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। बीती रात यह दल रेंज के सलिहापाली गांव पहुंच गए और उत्पात मचाते हुए एक दर्जन से अधिक किसानों की फसल रौंद दी। जिससे संबंधितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण काफी हलाकान हैं। उन्होंने सुरक्षा की गुहार वन विभाग व प्रशासन से लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब जबकि धान की फसल पककर तैयार है तथा वे इसे खलिहान लाने की तैयारी में जुटे हुए हैं, ऐसे में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने से उनकी मेहनतों के साथ-साथ अरमानों पर भी पानी फिर रहा है।

छत्तीसगढ़ में जागी पुरखों के सपने पूरे होने की आस

» धान और किसान से चलती है राज्य की अर्थव्यवस्था मंत्रिमंडल ने एक वर्ष में लिए कई अहम फैसले

रायपुर (आरएनएस)। शपथ लेने के मात्र दो घंटे में ही नई सरकार ने कई बड़े फैसले लेकर सबको चौंका दिया। दरअसल धान और किसान ऐसे विषय हैं जिसका यहां के घर-घर से ताल्लुक है। पिछले एक साल के कार्यकाल को देखें तो राज्य सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को देशव्यापी मंदी के प्रभाव से बचाए रख कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। नई सरकार ने देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना शुरू की है जिसमें इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा 56 लाख लोगों के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, सार्वभौम पीड़ीएस, कर्जमाफी, 25 सौ रूपए में धान खरीदी, 46 लाख लोगों को बिजली बिल हाफ सहित प्रदेश की जनता के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। छत्तीसगढ़ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप काम करने वाले मीडिया प्रतिनिधियों के लिए देश में पहली बार पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के लिए पहल की गई है। साथ ही राज्य में संचालित वरिष्ठ मीडियाकर्मी सम्मान निधि को और अधिक अनुकूल बनाया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मंत्रिमंडल द्वारा गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के लिए पुरखों के संकल्प को पूरा करने की दिशा में लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अरपा पैरी के धार को राज्योत्सव के मौके पर राज गीत का दर्जा दिया गया है। वहीं यहां की संस्कृति तीज-त्योहारों पर लोगों को अपनी संस्कृति पर गर्व करने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ी त्योहारों में अवकाश घोषित कर इन त्योहारों का मान बढ़ाया गया है। मंत्रिपरिषद ने डॉ. नरेन्द्र वर्मा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी गीत-''अरपा पइरी के धार महानदी हे अपार''.....को राज्य-गीत घोषित किया इसे सभी शासकीय कार्यक्रमों और आयोजनों में गाया जा रहा है। श्रीराम वनगमन पथ के महत्वपूर्ण स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का निर्णय लिया गया। शासकीय नौकरियों और शैक्षणिक सेवाओं में अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 13 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ में देश में सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना शुरू की है, जिसमें 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा मिलेगी। राज्य के 56 लाख लोगों को बीमा कव्हर दिलाने के लिए मंत्री परिषद ने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। 15 नवंबर को मंत्री परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य में संचालित सभी योजनाओं को समाहित कर डॉ. खूब चंद बघेल के नाम पर नई स्वास्थ्य योजना शुरू की जाएगी। इस नई योजना में सभी प्राथमिक एवं अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए 5 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही एवं अन्य राशन कार्डधारी परिवारों को 50 हजार रूपए तक इलाज की सुविधा मिलेगी। यह योजना ट्रस्ट मोड पर संचालित की जाएगी। गंभीर बीमारियों में लगने वाले खर्च को देखते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसमें उन गंभीर बीमारियों को कव्हर किया जाएगा जो डॉ.खूब चंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में शामिल नहीं हैं। इस योजना में 5 लाख रूपए से अधिकतम 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा दी जाएगी।

चलती ट्रेन में युवक को टिकटाक वीडियो बनाते हुए आरपीएफने किया गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक युवक को टिकटॉक वीडियो बनाने का शौक महंगा पड़ गया. दरअसल युवक टिक टॉक बनाने के दौरान चलती ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर स्टंट कर रहा था. इस कदम को असुरक्षित मानते हुए आरपीएफ ने युवक के खिलाफ रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है. फिलहाल पुलिस ने युवक हिरासत में ले लिया है। दरअसल एक युवक को कोरबा रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने लिंक एक्सप्रेस ट्रेन से पकड़ा है।युवक ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर हैंडल से लटक रहा था और बार-बार इस तरह करते हुए वीडियो भी बना रहा था. बताया जा रहा है कि 23 बर्षीय रायपुर निवासी नरेंद्र कुमार साहू अपने दोस्त के साथ कोरबा आ रहा था. सफर के दौरान नरेंद्र ट्रेन के दरवाजे पर लटक कर स्टंट कर रहा था और अपने दोस्त से टिक टॉक के लिए वीडियो बनवा रहा था। वहीं इस ट्रेन में सुबह निरीक्षण के लिए निकले आरपीएफ पोस्ट प्रभारी वीरेंद्र कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने एक स्लीपर कोच में इस युवक को इस तरह ख़तरनाक स्टंट करते देखा और युवक के द्वारा ट्रेन के गेट स्टंट करने की हरकत को कैमरे में कैद कर लिया. वीरेंद्र कुमार ने युवक को रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए हिरासत मे ले लिया. पुलिस के मुताबिक युवक कोरबा के पावर प्लांट में काम करता है और वह रायपुर से अपने घर कोरबा आ रहा था.

मनरेगा में छत्तीसगढ़ को 7 पुरस्कार

» केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर 19 को नई दिल्ली में देंगे पुरस्कार

» उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यों को दिए जाने वाले 3 पुरस्कारों सहित मुंगेली जिला, पामगढ़ विकासखंड और धोतीमटोला व पोड़ी ग्राम पंचायत का चयन

» पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मनरेगा क्रियान्वयन में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को दी बधाई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए प्रदेश का चयन केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सात पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें मनरेगा के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए राज्यों को दिए जाने वाले तीन, जिलों और विकासखंडों को दिए जाने वाले एक-एक और ग्राम पंचायतों के लिए दो पुरस्कार शामिल हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मनरेगा में लगातार अच्छे कार्यों के लिए पूर्व विभागीय अपर मुख्य सचिव एवं वर्तमान मुख्य सचिव आर.पी. मंडल, प्रमुख सचिव सुब्रत साहू और मनरेगा आयुक्त टी.सी. महावर सहित इसके क्रियान्वयन मे लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले इन पुरस्कारों में जगह बनाने के लिए मुंगेली के कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, पामगढ़ जनपद पंचायत में मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सौरभ शुक्ला तथा ग्राम पंचायत पोड़ी की सरपंच श्रीमती प्रेमा बाई और धोतीमटोला की सरपंच श्रीमती विद्या रावते को खासतौर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

बेरला थाने का डीजीपी डीएम अवस्थी ने किया औचक निरीक्षण

» अव्यवस्थायें मिलने पर बेमेतरा पुलिस अधीक्षक समेत 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने आज बेमेतरा जिले के बेरला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में अव्यवस्थायें मिलने पर अवस्थी ने अप्रसन्नता व्यक्त की। अव्यवस्थायें मिलने पर उन्होंने बेमेतरा पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिमल बैस, एसडीओपी सु ममता देवांगन, थाना प्रभारी विपिन रंगारी को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी आज सुबह बेरला थाने के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे। वहॉ उन्होंने पाया कि दस्तावेजों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं है एवं कैशबुक में लंबे समय से राशि अवितरित पड़ी है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान व्ही.सी.एन.बी. (टपससंहम ब्तपउम छवजम ठववा) का भी निरीक्षण किया जिसमें प्रविष्टियॉ ठीक ढंग से नहीं पायी गयी। बेरला थाने में साफ-सफाई का स्तर भी काफी निम्न पाया गया। अवस्थी द्वारा थाने के कार्य का लगभग डेढ़ घंटे तक बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदीगृह, मालखाना, महिला प्रकोष्ठ एवं थाना प्रभारी कक्ष को भी देखा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व में भी पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी द्वारा धमतरी जिले के भखारा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था, जहॉ पर अव्यवस्थायें मिलने पर दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई थी। राज्य भर के थानों के बेहतर रखरखाव एवं कार्यप्रणाली सुधारने हेतु पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी 27 जिलों के थानों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। इस आकस्मिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ डी. श्रवण एवं सेनानी विजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

टिकट चेकिंग अभियान में रेल मंडल ने यात्रियों से दो लाख से अधिक जुर्माना वसूला

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रेल मंडल रायपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों से 02 लाख से अधिक राशि बतौर जुर्माना वसूला है।

रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेल मंडल रायपुर के वाणिज्य विभाग की टीम ने 15 दिसंबर को रेल मंडल अंतर्गत 23 एक्सप्रेस एवं 06 पैसेंजर गाड़ियों में टिकट चेकिंग अभियान चलाकर कुल 02 लाख 01 हजार 645 रूपये जुर्माना वसूला है।

इनमें बिना टिकट के यात्रा करते 134 मामलों में 88 हजार 475 रूपये, अनियमित टिकट के 184 मामलों में 83 हजार 730 रूपये एवं बिना बुक कराये सामान ले जाने के 290 मामलों में 29 हजार 440 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस टिकट चेकिंग अभियान में 29 टीटीई, 02 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 02 रेलवे सुरक्षा बल एवं 01 जी.आर.पी. कर्मी शामिल थे।

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का जादू फैला केरल से दिल्ली तक

» छोटे से गाँव अरसनार से राजधानी दिल्ली तक पहुंचा जय माँ कर्मा महिला स्वसहायता समूह का सफर

रायपुर। पाटन ब्लाक के अरसनारा गांव की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की ख्याति उत्तर से दक्षिण अर्थात देश की राजधानी दिल्ली से लेकर केरल तक पहुंचा दी। दिल्ली में हुए फूड कोर्ट फेस्टिवल में फरा और चीला छाया रहा। चौसेला, खाजा, पपची को भी लोगों ने बहुत पसंद किया,दो हफ्ते में समूह की महिलाओं ने सवा दो लाख रुपए के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बेचे। पलक्कड़ में इन्होंने मलयाली दुभाषिये के माध्यम से एक लाख रुपए से अधिक के व्यंजन बेचे। छत्तीसगढ़ी अचार का स्वाद इन राज्यों में आयोजित फूड कोर्ट में लोगों ने चखा और खूब तारीफ की।

अरसनारा की अजीता साहू उन तमाम महिलाओं के लिए एक मिसाल हैं जो ग्रामीण परिवेश में रहते हुए भी अपनी एक अलग पहचान बनाने की चाहत रखती हैं। इसी जुनून के चलते अजीता साहू एनआरएलएम की बिहान योजना से जुड़ी । अपने हुनर और योजना का लाभ उठाकर न केवल अजीता स्वावलंबी बनी अपितु अपने समूह की सभी महिलाओं को उन्होंने आत्मनिर्भर बनाया। महिलाएं परंपरागत ढंग से छत्तीसगढ़ी व्यंजन और अचार, बड़ी-बिजौरी तैयार करती हैं।

चिल्फी पुलिस की सफल कार्यवाही, अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा (आरएनएस)। थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने बताया कि महिंद्रा माराजो फेर व्हीलर वाहन के साथ 25 पेटी अवैध देशी प्लेन शराब जप्त किया गया. जप्त शराब की अनुमानित कीमत 95000 हजार रूपए व वाहन की कीमत 10 लाख रूपए है. गिरफ्तार चार आरोपीयो से 25 पेटी अवैध शराब जप्त महिंद्रा मराजो वाहन सीजी 04 द्वह्य 2005 वाहन से कर रहे थे शराब का परिवहन. चिल्फी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही । गिरफ्तार आरोपीयो द्वारा मध्यप्रदेश से रायपुर लेकर जाया जा रहा था अवैध शराब . थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार अवैध तस्करों पर कार्यवाही जारी रहेगा.

विश्व के सबसे बड़ी रेल यात्रा में शामिल होंगे सरगुजा साइंस ग्रुप के सदस्य अमित दुबे

अम्बिकापुर (आरएनएस)। बलरामपुर जिले के ग्राम पस्ता निवासी अमित दुबे विगत 5 वर्षों से सरगुजा साइंस ग्रुप के साथ जुड़ कर कार्य कर रहे हैं तथा प्रोजेक्ट ईज्जत के को-ऑर्डिनेटर के रूप में कार्यरत हैं। प्रोजेक्ट ईज्जत जिसके तहत अविभाजित सरगुजा जिले के 15000 स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड संस्था द्वारा प्रत्येक महिने उपलब्ध कराया जाता है।

ज्ञात हो कि भारतीय रेल, कोकाकोला इण्डिया, इनोवेशन वैली सहित विभिन्न कंपनीयों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष जागृति संस्थान के द्वारा आयोजित की जाने वाली विश्व की सबसे बड़ी रेल यात्रा 8000 किमी. की यात्रा के साक्षी बनेंगे सरगुजा के अमित दुबे। यह यात्रा पुरे भारत का भ्रमण करती हैं, जिसमें दिसम्बर को मुम्बई से यह यात्रा शुरू होकर मुम्बई में ही 8 जनवरी को समाप्त होती है। इस यात्रा के तहत बैंग्लोर, कन्याकुमारी, मदुरई, श्रीसीटी, विशाखापट्नम, उड़िसा के गंझाम, नालंदा, देवरिया, उ.प्र., नई दिल्ली, तिलोनिया राजस्थान, साबरमी आश्रम अहमदाबाद सहित विभिन्न स्थलों ले जाया जाता है। जहां पर सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े रोल मॉडलों के द्वारा कई देशों से पहुंच 450 युवाओं को सम्बोधित किया जाता है एवं अपने द्वारा क्षेत्रों में किये गये कार्यो से परिचित कराया जाता है। प्रत्येक स्थल पर कई ऐसे रोल-मॉडल मिलते हैं जो समाज में किसी न किसी परिवर्तन के वाहक हैं और उनके परिवर्तन ने न सिर्फ समाज का भला किया है बल्कि काफी संख्या में लोगों को रोजगार भी दिया है। इस यात्रा के दौरान भारतीय रेल से उपलब्ध टेऊन में ही कांफ्रेंस हॉल, मेस की व्यवस्था, लोगों के बीच में ग्रुप डिस्कशन सहित विभिन्न आयाम चलाये जाते हैं।

सरगुजा साइंस ग्रुप द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट ईज्जत ने न सिर्फ 15000 स्कूली लड़कियों तक प्रत्येक महिने निःशुल्क सैनेटरी पैड पहुंचाया है, बल्कि इस प्रोजेक्ट से जुड़ कर कई महिला स्वयं सहायता समूह सैनेटरी पैड का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नंबर 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU